पहल बड़ी संख्या में लोगों ने की पसंद के उत्पादों की खरीदारी

जैविक हाट बना रविवार की दिनचर्या का हिस्सा

नवभारत,जबलपुर। जैविक खेती कर रहे किसानों को उनके उत्पादों को उचित मूल्य दिलाने कृषि उपज मंडी जबलपुर में प्रत्येक रविवार को लगाये जा रहे जैविक हाट की लोकप्रियता सप्ताह दर सप्ताह बढ़ती जा रही है। जैविक हाट कई लोगों की रविवार की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। जैविक उत्पादों के मुरीद बड़ी संख्या में जैविक हाट पहुँच रहे हैं और पसंद के जैविक उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं।

किसानों को मिल रही अच्छी कीमत

खरीदारों की बढ़ती संख्या के साथ ही जैविक खेती कर रहे किसानों में भी उनके उत्पादों को मिल रही अच्छी कीमत को लेकर उत्साह नजर आने लगा है। जिले भर के किसान अपने जैविक उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय के लिये जैविक हाट में शामिल हो रहे हैं। इस रविवार को भी जिले के कई किसान जैविक हाट के सहभागिता बने और अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इन उत्पादों में सब्जियां, फल-फूल, मसाले, अनाज, दालें, गुड़ एवं अन्य उत्पाद शामिल थे।

संयुक्त संचालक ने दी विस्तार से जानकारी

जैविक हाट में संयुक्त संचालक के एस नेताम सहित कृषि अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती की उन्नत तकनीकों, जैविक खाद के उपयोग तथा जैविक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कृषि ने किसानों को अधिक से अधिक क्षेत्र में जैविक खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि जैविक खेती को अपनाने से जहां मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होती है, वहीं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।

बालाजी मंदिर में दक्षिण भारतीय रीति से हुआ सीता-राम विवाह

75वें राम नवमी महोत्सव के दूसरे दिन उत्साहपूर्ण आयोजन

नवभारत,जबलपुर। बालाजी मंदिर, जबलपुर में 75वें राम नवमी महोत्सव के दूसरे दिन भव्य सीता-राम विवाह (सीता कल्याणम्) का आयोजन पारंपरिक दक्षिण भारतीय रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। इस अवसर पर दो दंपतियों ने महाराज दशरथ और माता कौशल्या तथा राजा जनक और उनकी पत्नी की भूमिकाएँ निभाई। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधानों के बीच संपूर्ण विवाह संस्कार चेन्नई से पधारे पंडित श्रीधर भागवत, स्वामीनाथन अय्यर, और राम राधा कृष्ण द्वारा संपन्न कराया गया।

आज शाम राम रथ यात्रा

दक्षिण भारतीय भजन सभा के अध्यक्ष पी. रामन ने बताया कि 23 मार्च को सायं 5 बजे बालाजी मंदिर से भव्य राम परिवार शोभा यात्रा निकलेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

केले के पत्तों पर परोसा पारंपरिक दक्षिण भारतीय भोजन

विवाह के बाद 'समाराधना' का आयोजन हुआ, जिसमें केले के पत्तों पर पारंपरिक दक्षिण भारतीय भोजन परोसा गया। इस अवसर पर लगभग 400 श्रद्धालु शामिल हुए। सायं 5:30 बजे अभंग भजन का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर दक्षिण भारतीय संघ एवं भजन सभा के सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी डॉक्टर जितेंद्र और डॉक्टर धीरवानी ने भी समारोह में भाग लिया।

फसल अवशिष्ट बन सकता है अतिरिक्त आय का जरिया

सीएनजी, इंडस्ट्री में ईंधन और प्लाईवुड उद्योग में हो सकता है उपयोग

नवभारत,जबलपुर। फसल कटाई के उपरांत खेत में छोड़े जाने वाले फसल अवशेषों को पराली अथवा नरवाई कहा जाता है। अगली फसल की तैयारी के लिए इन अवशेषों को कृषक आग लगा देते हैं जिससे मिट्टी प्रदूषण और वायु प्रदूषण होता है। इससे मिट्टी में उपस्थित रहने वाले मित्र कीट मर जाते हैं और प्रदूषण का प्रभाव मानवीय स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। फसल अवशिष्ट जलाने से निकलने वाली विभिन्न प्रकार की गैस कई बीमारियां होती हैं। शासन - प्रशासन ने कृषकों से आग्रह किया गया है कि वे फसल अवशिष्ट न जलायें। वर्तमान में फसल अवशिष्ट से इको फ्रेंडली खाने के प्लेट एवं डिस्पोजल बनाने का व्यवसाय अपार संभावनाएं है। फसल अवशिष्ट अब अतिरिक्त आय का जरिया बन सकती है। इसका उपयोग पैकेजिंग इंडस्ट्री, बायोडिग्रेडेबल बैग बनाने, सीएनजी बनाने, इंडस्ट्री में ईंधन के रूप में और प्लाईवुड उद्योग में किया जा रहा है। फसल अवशिष्ट प्रबंधन के लिए कई तरीके हैं और उनसे कई प्रकार के लाभ भी हैं। फसल अवशिष्ट से पशुओं के लिए भूसा, इको फ्रेंडली प्लेट एवं डिस्पोजल, पैकेजिंग इंडस्ट्री एवं बैग बनाने, कंप्रेस नेचुरल बायोगैस, प्लाईवुड उद्योग आदि में उपयोग किया जा सकता है। एस्ट्रा रीपर कृषि यंत्र के माध्यम से गेहूं की फसल कटाई उपरांत खेत में छोड़ी गई फसल अवशिष्ट को यंत्र की सहायता से भूसा बनाकर पशुओं के आहार में उपयोग किया जा सकता है।

इकट्ठा करने के लिए बेलर कृषि यंत्र का उपयोग

कृषक फसल अवशिष्ट का उपयोग अब अवसर के रूप में कर सकते हैं। खेत से फसल अवशिष्ट को इकट्ठा करने के लिए बेलर कृषि यंत्र का उपयोग किया जाता है। यह बेलर मशीन खेत में पड़ी फसल अवशिष्ट को एकत्रित करती है, उसको कंप्रेस कर एक बंडल बना देती है, जिसे आसानी से विभिन्न उद्योगों तक पहुंचाया जा सकता है।

पुस्तक मेला की तैयारियां जोर-शोर से जारी, 25 से 5 अप्रैल तक गोलबाजार में होगा आयोजित

नवभारत,जबलपुर। स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों को प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दरों पर पाठ्य पुस्तकें, कॉपिया और गणवेश उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा 25 मार्च से 5 अप्रैल तक गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में लगाये जा रहे पुस्तक मेला की तैयारियों जोर-शोर से जारी है। मेले में पाठ्य पुस्तकों, कॉपियों, यूनिफार्म, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्रियों के स्टॉल के अलावा व्यंजनों के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। पुस्तक मेला का यह लगातार तीसरा आयोजन है। ज्ञात हो कि निजी स्कूलों, प्रकाशकों एवं पुस्तक विक्रेताओं की सांठगांठ से छात्रों और उनके अभिभावकों को राहत दिलाने प्रदेश में पुस्तक मेले के आयोजन की शुरूआत वर्ष 2024 में जबलपुर जिले से ही हुई थी।

इस बार भी लगेगा बुक बैंक का स्टॉल

पुस्तक मेला में पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बुक बैंक का स्टॉल लगाया जायेगा। जहां विद्यार्थी, उनके अभिभावक एवं नागरिक पिछले वर्ष की पाठ्य पुस्तकें दान में दे सकेंगे। यह पुस्तकें रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से नाम मात्र के शुल्क पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जायेगी।

आयोजन को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

पुस्तक मेला के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की है। पुस्तक मेला की संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत को बनाया गया है। इस कार्य में उनके सहयोग के लिए जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित नोडल अधिकारी आदि को तैनात किया गया है। पुस्तक मेला स्थल पर कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, कंट्रोल रूम, मंचीय व्यवस्था, फायर ब्रिगेड की तैनाती का दायित्व एसडीएम आधारताल पंकज मिश्रा को सौंपा गया है। मेला स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था, का दायित्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा, पुस्तक मेले के आय-व्यय का संपूर्ण लेखा जोखा रखने का दायित्व जिला कोषालय अधिकारी सुश्री विनायिका लकरा, संपूर्ण विद्युत व्यवस्था की देखरेख का दायित्व पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता जबलपुर शहर संजय अरोरा को दिया गया है।

एक नजर में

शराब तस्करों, वारंटियों, चाकूबाजों को दबोचा

जबलपुर। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने गुंडे-बदमाशों पर कार्रवाई की है। पिछले 24 घंटे में कई वर्षों से फरार एक गैरम्यादी, दो म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं दस जमानती वारंट तामील किये गये तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वालों सहित, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आठ व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 76 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 15 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 3 व्यक्तियो के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 3 चाकू जप्त किये गये। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 80 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 37 हजार 900 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

एम्बुलेंस ने युवक को मारी टक्कर

जबलपुर। कुंडम थाना क्षेत्र में रविवार को एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आ गई। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम हेमंत कुमार परस्ते 20 वर्ष निवासी ग्राम गढ बिसोरा थान निवास जिला मण्डला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह एवं उसके पिता अमृत सिह परस्ते एवं उसका दोस्त अमित धुर्वे 20 वर्ष निवासी ग्राम छीरगॉव थाना निवास के साथ कुण्डम में मोबाईल सुधरवाने आये थे जहॉ से तीनों पैदल बस स्टैण्ड कुण्डम की ओ जा रहे थे दोपहर 2 बजे जबलपुर की ओर से आ रही एम्बुलेंस एमपी 18 सीए 3096 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये अमित धुर्वे को टक्कर मार दिया जिससे अमित के सिर, हाथ पैर में चोटे आ गयी।

वेंडर पर लोहे के पल्टा से हमला

जबलपुर। सिविल लाईन थाना अंतर्गत इंद्रा मार्केट में रविवार दोपहर बदमाश ने वेंडर पर लोहे के पल्टा से हमला कर दिया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर अखिलेश शुक्ला 46 वर्ष निवासी सुभाष हेयर सेलून के सामने कांचघर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वेंडर का काम करता है। बीती रात लगभग 8 बजे राजेश मेहरा उसके घर पर पहुंचकर हंगामा किया था इसी बात को लेकर उसकी फोन पर राजेश मेहरा से कहासुनी हुई थी। रविवार दोपहर लगभग 12-30 बजे इंद्रा मार्केट में नरेश होटल के सामने राजेश मिला जो उसके साथ गाली गलोज करते हुये लोहे के पल्टा से हमलाकर माथे में चोट पहुँचा दी एवं जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

'महापौर आज़ाद कप' क्रिकेट 30 से

नवभारत, जबलपुर। शहर के खेल गलियारों में एक बार फिर उत्साह की लहर दौड़ने वाली है। आज़ाद संगठन समिति द्वारा आगामी 30 मार्च 2026 से बहुप्रतीक्षित 'महापौर आज़ाद कप 2026' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। टेनिस बॉल क्रिकेट की यह प्रतियोगिता इस बार अपने 10वें संस्करण के पड़ाव पर पहुँच चुकी है, जो इसकी लोकप्रियता और सफलता का प्रमाण है।

रानीताल वेलोड्रम मैदान में डे-नाइट मुकाबलों का रोमांच- इस बार भी टूर्नामेंट के रोमांच को दोगुना करने के लिए डे-नाइट मैचों का आयोजन किया गया है। शहर के प्रतिष्ठित रानीताल वेलोड्रम मैदान में दूधिया रोशनी के बीच जब चौके-छक्कों की बरसात होगी, तो नजारा देखने लायक होगा। यह आयोजन महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं आज़ाद ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। समिति ने सभी खेल प्रेमियों और स्थानीय टीमों को इस महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

पंजीकरण और संपर्क सूत्र-प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक टीमों को शामिल होने के लिए पंजीकरण की आखिरी तारीख 26 मार्च 2026 तय की गई है। एडवोकेट महेश सोनी मोबाइल नं. 9685044900, एडवोकेट अतुल पटेल मोबाइल नं. 9340387246 और निक्की मोबाइल नम्बर 9039267654 से संपर्क कर टीमें अपना स्थान सुरक्षित कर सकती हैं।

तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े मजदूरों को रौंदा, तीन घायल

जबलपुर। कटंगी थाना अंतर्गत लोहारी गांव में कटंगी की ओर से आ रही एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे तीन मजदूरों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए तत्काल जबलपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार कटनी जिले के ग्राम भरदा कौड़िया निवासी गोरेलाल बर्मन अपनी पत्नी राजकुमारी बर्मन और अन्य साथियों नसीम अंसारी, रजनीश द्विवेदी व रोशन नामदेव के साथ मजदूरी करने लोहारी आए थे। काम खत्म करने के बाद सभी साथी लोहारी मंदिर के पास सड़क किनारे खड़े होकर वापस घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे तभी कटंगी की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 5307 के चालक ने सीधे सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजकुमारी बर्मन, नसीम अंसारी और रजनीश द्विवेदी सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। उनके हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

ईको वैन ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत विराट अस्पताल मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ईको वैन ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पनागर निवासी राहुल रैकवार (23) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने पिता अर्जुन रैकवार, चचेरे भाई रोहित और सुक्कूलाल यादव के साथ सेंटिंग के काम से भेड़ाघाट आए थे। जब वे वापस लौट रहे थे, तभी विराट अस्पताल मोड़ के पास पीछे से आ रही ईको वैन क्रमांक एमपी 20 सीएच 0559 के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनके पिता की बाइक एमपी 20 एनवाय 1061 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अर्जुन रैकवार और उनके मित्र सुक्कूलाल यादव सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।

चांदी के जेवरात, नकदी ले गए चोर

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत मीरगंज-आमाहिनौता रोड स्थित झिन्ना मोहल्ला में एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। नकाबपोश चोर सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। जानकारी अनुसार ग्राम तेवर निवासी नीतेश कुमार पटेल (30) ने पुलिस को बताया कि आमाहिनौता रोड पर उनका नया मकान बना है। बीती रात करीब 10 बजे वे अपने भाई अनिल और भाभी समीक्षा के साथ मकान में ताला लगाकर अपने पैतृक गांव तेवर चले गए थे। अगले दिन की सुबह जब वे वापस लौटे, तो घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखी सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल तथा करीब 80 हजार रुपये नकद गायब थे। मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पता चला कि रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। फुटेज में चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसते और चोरी कर भागते हुए नजर आ रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

राहुल पटेल बने सह-कोषाध्यक्ष

नवभारत,जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी, जिला जबलपुर शहर के जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर की सहमति से स्वामी विवेकानंद मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट अमर पटेल द्वारा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। घोषणा के अनुसार राहुल पटेल को स्वामी विवेकानंद मंडल का सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। नवनियुक्त सह-कोषाध्यक्ष राहुल पटेल ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

रामलला दर्शन के लिए 1400 यात्री रवाना

नवभारत,जबलपुर। मदन महल रेलवे स्टेशन रविवार संध्या राममय हो गया। स्पेशल ट्रेन द्वारा 1400 श्रद्धालु अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन हेतु रवाना हुए। यात्रा का आयोजन मॉ वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा समिति, मदन महल के तत्वधान में किया गया, जिसमें संयोजक महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने बताया कि यात्रा से पूर्व बैंड दल, ढोल-धमाल और श्री राम दरबार की झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में वृद्धाश्रम से 25 बुजुर्ग और नेत्रहीन कन्याओं को भी शामिल

किया गया। यात्रा को संत वृंद जगत गुरु राघवदेवाचार्य महाराज, जगत गुरु नरसिंह देवाचार्य जी महाराज, गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर मुकुंददास महाराज, महंत राजारामाचार्य जी महाराज, महंत चंद्रशेखरानंद महाराज, अनूपशास्त्री महाराज, साथ ही विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहणी, विधायक अभिलाष पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, निगम अध्यक्ष रिंकू विज, लेखराज मुन्ना भैया, पंकज दुबे, अभय सिंह ठाकुर, कमलेश अग्रवाल, सुधांशु गुप्ता, संदीप जैन एवं पार्षदगण ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन में यात्रियों के लिए भोजन, भजन-कीर्तन और प्रवचन का भी प्रबंध किया गया है। अयोध्या में दर्शन उपरांत भजन संध्या का आयोजन भी होगा।

बैठक तैयारियों को लेकर हिंदू एकता मंच की बैठक आयोजित

हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी श्री संकट मोचन रथ यात्रा

नवभारत,जबलपुर। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य श्री संकट मोचन रथ यात्रा के आयोजन को लेकर आज हिंदू एकता मंच की महत्वपूर्ण बैठक श्री राम मैरिज गार्डन अधारताल में संपन्न हुई। बैठक में रथ यात्रा को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु आमजनों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि रथ यात्रा में भगवान श्री हनुमान जी का विशेष भव्य रथ, राम दरबार की आकर्षक झांकी तथा श्री रामलला की मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। रथ यात्रा का नेतृत्व ईश्वर तुल्य पूज्य साधु-संतों के सान्निध्य में किया जाएगा, जिससे यात्रा की गरिमा और भी बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त यात्रा में विभिन्न अखाड़ों द्वारा पारंपरिक शौर्य प्रदर्शन, 51 फुट ऊंची धर्म ध्वज, ढोल-धमाल की गूंज और भगवा ध्वज लहराते श्रद्धालुओं की सहभागिता से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहेगा। बैठक में प्रमुख रूप से रजनीश सिंह चौहान, विमल राय, मनीष अग्रहरि, प्रदीप यादव, मोनू नामदेव, सतीश साहू, सोनू विश्वकर्मा, वरुण सिंह, रूपेश विश्वकर्मा, सुभाष शुक्ला, सुबोध पहाड़िया, पिंटू पांडे आदि मौजूद रहे।

कुर्मी सेवा संस्थान में उमिया मां की महाआरती

नवभारत,जबलपुर। चैत्र नवरात्र के अवसर पर कुर्मी कुल देवी उमिया मां की महा आरती का आयोजन कुर्मी सेवा संस्थान, गायत्री मंदिर के पीछे किया गया। मां उमिया परिवार ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष सभी नवरात्रि पर उमिया माता की महाआरती का आयोजन सामाजिक बधुओं के सहयोग से किया जाता है। नवरात्र के चतुर्थ दिन महाआरती में मुख्य रूप से रामकुमार पटेल, नरबद पटेल, अमरनाथ पटेल, विमला पटेल, हरि पटेल, जीवन पटेल, नरेंद्र पटेल, विजय पटेल, मनोज पटेल, रामकेश पटेल, बसोरी पटेल सहित स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।